तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 17.1 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 अप्रैल 2024

11 हिस्ट्री और बायोलॉजी की परीक्षा में 47 अनुपस्थित



12 मदवि में सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ



Farm House
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
44 फुट चौड़ी सड़कें, सीवर व पानी लाइन, बिजली
अधिक जानकारी के लिए इस लिंक पर क्लिक करें : http://www.guptaproperty.in/
मात्र 20 लाख में
NOC ZONE
पक्की रजिस्ट्री
M. 8950904219
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर

## शहर में आज

- रोहतक लोकसभा भाजपा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा के गद्दी खेड़ी, बहुजमालपुर, सिंहपुरा खुर्द, सिंहपुरा कला, भगवतीपुर, समरगोपालपुर, निडाना, गिरावड़, अजायब के दौरे करेंगे।
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।

## बिजली कट

- सेक्टर एक, शीला बाईपास और तिलक नगर में सुबह दस बजे से दो बजे तक बिजली बाधित रहेगी

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री का कार्यक्रम बदला, अब 9 को आएंगे

**महम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल



समेत भाजपा के कई दिग्गज नेताओं की महम में 6 अप्रैल को जनसभा होनी थी। जनसभा के इस कार्यक्रम में अब बदलाव किया गया है। भाजपा के स्थानीय कार्यालय प्रवक्ता नरेश बड़ाभैण ने बताया कि अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनसभा महम अनाज मंडी में 9 अप्रैल को होगी। स्थानीय भाजपा नेता और कार्यकर्ता इस जनसभा की तैयारियों में जुट गए हैं।

### चाकू से हमले करने का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने सुनारिया कला निवासी कृष्णा पर चाकू से हुए जानलेवा हमले की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया। शिवाजी कॉलोनी थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि सुनारिया कला निवासी कृष्णा की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच की गई।

### पटवार-कानूनगो एसो. की परीक्षा करवाने की मांग

**रोहतक।** दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान जयबीर चहल ने कहा कि सरकार ने 2 अप्रैल को होने वाली नायब तहसीलदार की परीक्षा स्थगित कर दी गई है।



प्रधान जयबीर चहल

उन्होंने कहा कि ऐसा करके सरकार ने गलत किया है। इससे एसोसिएशन में रोष है। क्योंकि इस परीक्षा के लिए ही बीते दिनों करीब डेढ़ महीने तक आंदोलन किया था। परीक्षा होने के बाद ही पटवारी और कानूनगो की पदोन्नति का रास्ता खुलता। लेकिन इस परीक्षा को सरकार ने रद करके प्रमोशन के दरवाजे बंद कर दिए हैं। स्थगित की गई परीक्षा हर हालत में होनी चाहिए।

दो जोन बनाकर दी गई है डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी

# डोर-टू-डोर कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में लगाए जाएंगे जीपीएस, निगम की टीम करेगी निगरानी

## शहर की गलियों में लगाए गए निशान की भेजनी होगी ग्रुप में वीडियो

- एक टन कूड़े के लिए किया जा रहा 2342 रुपये का भुगतान, रोजाना निकलता है 250 टन कूड़ा
- 11-11 वार्ड में काम कर रही दो कंपनियां

विजय अहलावत ▸▸ रोहतक





रोहतक। सड़क से गुजरती कूड़ा उठाने वाली गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम ने शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। दो जोन में डोर टू डोर कूड़ा उठाने का टेंडर जारी के बाद नई योजना बनाई गई है। इसके तहत घर से कूड़ा ले जाने वाली 60 से ज्यादा गाड़ियों में जीपीएस लगाने की तैयारी की गई है। ऐसे में निगम कार्यालय में बैठे कर्मचारी गाड़ियों की कम्प्यूटर से ही निगरानी कर सकेंगे। साथ ही गाड़ी चालक और परिचालक को व्हाटसएप ग्रुप में भी फोटो भेजनी होगी। जो ऐसा नहीं करेगा कंपनी की तरफ से उस पर कार्यवाही भी की जाएगी। आमजन की तरफ से कूड़ा उठाने के लिए गाड़ी नहीं आने की शिकायतें की जाती हैं जिन्हें लेकर अधिकारियों ने यह एक्शन लिया गया है।

### दो कंपनियों को टेंडर

विगत दिनों नगर निगम ने दो कंपनियों को 22 वार्ड के डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का टेंडर जारी किया था। रोजाना शहर से करीब 250 टन कूड़ा निकलता है। जिसके लिए दोनों कंपनियों को प्रति दिन 125 टन कूड़े के लिए भुगतान किया जाएगा। नए टेंडर में रोजाना सफाई पर करीब पौने छह लाख रुपये खर्च होंगे। इस कार्य के शुरू होने के बाद सफाई व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिला है। टेंडर केवल एक कंपनी के पास ही था और सही ढंग से कूड़ा कलेक्शन नहीं हो पा रही थी। इसी वजह से निगम के अधिकारियों ने गाड़ियों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जीपीएस लगाने के आदेश जारी किए हैं। एक जोन में कुछ गाड़ियों पर जीपीएस लगाने का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा अन्य गाड़ियों पर भी जल्द ही जीपीएस लगा लिए जाएंगे। ऐसा करने से न केवल कूड़ा कलेक्शन के काम में सुधार होगा बल्कि शहर गंदगी मुक्त होगा। हर वार्ड की प्रमुख गलियों में निशान बनाए जा रहे हैं। जिनकी फोटो निगम के व्हाटसएप ग्रुप में भेजी जाएंगी। पता चलेगा कि गाड़ी इस गली में पहुंची भी है।

### सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने की पहल

शहर के 22 वार्ड के दो जोन बनाए गए हैं। 11-11 वार्ड का डोर टू डोर कलेक्शन का ठेका जारी किया गया है। गाड़ियों की निगरानी करने के लिए इनमें जीपीएस लगाए जा रहे हैं। ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। अक्सर लोग शिकायत करते थे कि गाड़ियां उनके वार्ड में नहीं आती। जीपीएस लगाने के बाद इस समस्या का समाधान हो जाएगा और सफाई व्यवस्था भी पहले से बेहतर होगी। -सुंदर सिंह, सीएसआई

### ऐसे काम कर रही कंपनियां

एक से लेकर 11 वार्ड तक का कार्य पूजा कंपनी को दिया गया है। इसके अलावा 12 वार्ड से 22 वार्ड तक का टेंडर आइएनडी कंपनी को जारी किया गया है। इन दोनों कंपनियों के कर्मचारी गाड़ी में हर घर से कूड़ा लेकर भिवानी रोड स्थित प्लांट में भेजते हैं। इसके अलावा हर चौराहों और आसपास लगने वाले गंदगी के ढेर भी खत्म किए जा रहे हैं। कूड़े के उठान के लिए 2342 रुपये प्रति टन के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है।



# इस्माइला के पास ट्रक पलटा राहगीरों को हुई परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

दिल्ली-हिसार नेशनल हाईवे पर सोमवार को एक ट्रक पलट किया। जिसके कारण दिल्ली-हिसार हाइवे पर जाम लग गया। जिसके कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाम की स्थिति को देखते हुए नेशनल हाइवे को वन-वे कर दिया गया। नेशनल हाईवे-9 पर गांव इस्माइला के पास रेलवे पुल पार करते समय एक ट्रक पलट गया। गनीमत रही कि वह रेलवे ट्रैक पर नहीं गिरा। जो पुल पर लगी लोहे की जालियों से टकरा गया। जिस समय ट्रक पलटा वहां नीचे से रेलवे लाइन गुजर रही है और रेलवे की बिजली लाइन भी थी। अगर नीचे गिरता तो बढ़ा हादसा हो सकता था। इस हादसे में ट्रक चालक भी बाल-बाल बच गया। पुलिस ने काफी देर बाद जाम को खुलवाया।

### हाईवे को वन-वे करवाया गया


गांव इस्माईला के पास ट्रक पलटने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नेशनल हाईवे को वन-वे करवाया गया। हालांकि फिलहाल ट्रक को रोड से हटाकर खुलवाया दिया गया है। जांच के अनुसार अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया प्रतीत रहा है।
-सुलेंद्र सिंह, थाना प्रभारी, सांपला

# नहीं होने देंगे बोगस पोलिंग, सरकार की तरफ से सुरक्षा के होंगे तगड़े इंतजाम: शर्मा

## लूट मचाने वालों को प्रदेश की जनता वोट रुपी ताकत से जवाब देगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

भाजपा सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि जनता की ताकत व कार्यकर्ताओं की मेहनत से इस बार भी भाजपा दस की दस सीटों पर विजय हासिल करेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार किसी प्रकार की भी बोगस पोलिंग नहीं हो पाएगी, केंद्र सरकार की तरफ से सुरक्षा के तगड़े इंतजाम किये जाएंगे। फिर भी किसी प्रकार का अंदेशा जाहिर हो तो तुरंत कंट्रोल रुम को सूचना दे, ताकि तुरंत कारवाई की जाए। सांसद ने कहा कि इंतजाम इतने कड़े होंगे कि परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा की जनता को पता है कि कांग्रेस शासन काल के दौरान किस तरह से भ्रष्टाचार होता था, जिसे जनता कभी माफ नहीं करेगी।



सांसद ने कहा कि लूट मचाने वालों को प्रदेश की जनता वोट रुपी ताकत से जवाब देगी, सांसद अरविंद शर्मा ने कलानौर, रोहतक व गढ़ी सांपला किलोई में आयोजित पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। जनता को पता है कि कांग्रेस शासन काल में विकास की बजाए, प्रोजेक्टों को रोक दिया था।

### कांग्रेस शासन काल किसानों को मिलते थे पांच-पांच रुपये चेक

सांसद अरविंद शर्मा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान जमकर भ्रष्टाचार हुआ है और किसानों को पांच-पांच रुपये के चेक मिलते थे। पूर्व सीएम हुड्डा ये तो बताए कि आखिर हरियाणा उस वक्त कैसे नंबर वन था।

## प्रशासन ने तैयारियों का लिया जायजा

# जिलेभर में अब तक 1341.80 मीट्रिक टन सरसों की हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

जिले की रोहतक, महम, कलानौर व सांपला मंडियों में सरसों की खरीद की जा रही है। अभी तक तक जिला में 1341.80 मीट्रिक टन सरसों की विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा खरीद की गई है। सरसों के लिए 5650 रुपये प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। अब तक महम मंडी में 614 मीट्रिक टन, सांपला मंडी में 720.20 मीट्रिक टन तथा रोहतक मंडी में 7.60 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। मंडियों में खरीद के सभी प्रबंध किए गए है तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। अधिकारियों की तरफ से फसल खरीद के लिए पूरी तैयारियां की गई हैं।

### मंडी में आई सरसों



### यहां हो रही खरीद

जिले में गेहूं खरीद कार्य कलानौर, काहनौर, किलोई, लाखनमाजरा, मदीना, महम, रोहतक, सांपला, सांघी, हसनगढ़ तथा सरसों की खरीद के लिए रोहतक, महम, सांपला व कलानौर मंडियों में खरीद की जाएगी।

### नोडल अधिकारी नियुक्त

जिला में रबी खरीद सीजन 2024-25 को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के दृष्टिगत जिला की विभिन्न मंडियों में आवश्यक प्रबंधों की निगरानी के लिए यातायात प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इनमें जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेश कुमार को लाखनमाजरा, सांघी व किलोई मंडी, महम के उपमंडलाधीश दलबीर फोगाट को महम एवं मदीना मंडी, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार को रोहतक, कलानौर एवं काहनौर मंडी तथा सांपला के उपमंडलाधीश सुभाष चंद्र जून को सांपला एवं हसनगढ़ मंडियों के लिए यातायात प्रबंधक एवं नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इन अधिकारियों की नियुक्ति रबी खरीद सीजन के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए समुचित व्यवस्था के दृष्टिगत की गई है।

**कार्यक्रम** पीजीआई में मानसिक स्वास्थ्य संस्थान फांउडेशन डे सेलिब्रेशन मनाया गया

# प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग न करके पर्यावरण को बचा सकते हैं : कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

मानसिक स्वास्थ्य संस्थान रोहतक द्वारा 31 मार्च से 1 अप्रैल तक कई कार्यक्रमों का आयोजन करके अपना फांउडेशन डे सेलिब्रेशन मनाया गया। सोमवार को कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना ने मानसिक स्वास्थ्य संस्थान मे पौधारोपण करके डायमंड जुबली सेलिब्रेशन के समापन अवसर पर सभी को बधाई दी। कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना ने इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि आईएमएच के निदेशक कम सीईओ डॉ. राजीव गुप्ता व उनकी टीम बधाई की पात्र है, जिन्होंने सारा साल विभिन्न कार्यक्रमों क माध्यम से लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कोई भी काम एक अकेला व्यक्ति नहीं कर सकता है, उसके



लिए पूरी टीम में एकजुटता होनी चाहिए। डॉ. अनिता सक्सेना ने कहा कि हमें पता होना चाहिए कि हम एक अच्छा मानसिक स्वास्थ्य बनाए रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज जो यह प्लास्टिक की थैलियों पर जोर दिया जा रहा है, वह काफी गलत है। जब वें छोटे थे तो कभी भी लोग प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग नहीं करते थे और कार्य सुचारू रूप से चलते थे, अब ऐसा क्या हो गया है कि हम इन पर इतना आत्मनिर्भर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें प्रयास करना चाहिए कि हम बिल्कुल भी प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग ना करें। डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि वें इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हैल्थ का 8वां स्थापना दिवस और स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ मेंटल हैल्थ का 14वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि कडी में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कल सभी को फन गेम्स खिलाए गए थे ताकि स्टाफ के अंदर एक नई उर्जा और उत्साह आए। सुबह कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना द्वारा पौधारोपण किया गया। डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि आज स्लाइड के माध्यम से पूरे साल के दौरान किए गए कार्यक्रमों को दिखाया गया। उन्होंने बताया कि हमें ग्रामीण क्षेत्र पर मेंटल हैल्थ पर ध्यान देने की बहुत जरूरत है। डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि उनके यहां शुरू की गई आईएमएच डिजिटल एकेडमी बहुत अच्छा प्रयास साबित रही है क्योंकि दुनिया डिजिटालाइजेशन की तरफ बढ़ रही है। प्लास्टिक के प्रयोग से बचना चाहिए।

# रिठाल फौगाट में पूर्व पंच पर फायरिंग निशाना चूकने से बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

गांव रिठाल फौगाट निवासी पूर्व पंच पर फायरिंग का मामला सामने आया है। वारदात उस समय हुई, जब वह अपनी पत्नी के साथ कमरे में बैठा हुआ था। इसी दौरान एक गोली उसके पास तकत पर आकर लगी। तेज आवाज सुनाई देने के कारण वे बाहर भी दौड़े लेकिन कोई नहीं दिखा। जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दे दी। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव रिठाल फौगाट निवासी नरेंद्र ने घिलौड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह खेतीबाड़ी करता है और पूर्व में गांव का पंच रहा है। 31 मार्च की रात करीब 10 बजे वह अपने पशुओं के प्लाट में था। उनके प्लाट में जो कमरा बना हुआ है, उसमें वह और उसकी पत्नी बैठी थी। इसी दौरान



उन्हें जोरदार आवाज सुनाई दी। एक गोली तकत पर आकर लगी। इसके बाद वे कमरे से निकले और छत की तरफ देखा तो कोई नहीं दिखाई दिया। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जब वे वापस कमरे में आए तो कमरे की छत की तरफ देखा, जो सीमेंट टिनो से बनी थी। उस छत में एक होल दिखाई दिया। किसी अज्ञात व्यक्ति ने रंजिश रखते हुए फायरिंग की है। वहीं इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दे दी। जांच अधिकारी एएसआई संदीप ने बताया कि पीड़ति की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी।

## खबरों के लिए हरिभूमि टीम

| | |
|---|---|
| मनोज वर्मा | 9253681012 |
| अमरजीत एस गिल | 8814999185 |
| विजय अहलावत | 9253681025 |
| नीरज वर्मा | 8814999188 |
| पंकज भाटिया | 9896363126 |
| छायाकार अनिल चहल | 9996236100 |

कुछ लोग अपने रिश्ते को बहुत ज्यादा तरजीह देते हैं। रिश्ते जरा से कमजोर हुए नहीं कि ऐसे लोग बहुत विचलित हो जाते हैं। कभी-कभी तो इनके मन में रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना गहरे तक बैठ जाती है। ये अपनों के प्रति हमेशा सशंकित रहते हैं कि हम इन्हें खो ना दें। लोगों के मन में इस तरह रिश्तों को लेकर असुरक्षा की भावना क्यों आती है? अपने रिश्ते कैसे हमेशा सहेजे रखें? बहुत जरूरी सलाह।

# रिश्तों में क्यों आती है असुरक्षा की भावना



कवर स्टोरी
विचित्रा दर्गन आनंद
रिलेशनशिप एक्सपर्ट

यह अजीब-सा विरोधाभास है कि व्यक्ति जिससे सबसे अधिक जुड़ाव महसूस करता है, उसके मन में उसी के लिए सबसे ज्यादा संशय और सवाल भी उठते हैं। यहां असली समस्या रिश्तों की नहीं, मन की उलझनों से जुड़ी होती है, जिन्हें सही वक्त पर सुलझाना बहुत जरूरी है, अन्यथा इनकी वजह से स्ट्रेस और एंग्जायटी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा हो जाती हैं। कोई व्यक्ति अपने रिश्तों में स्वयं को क्यों असुरक्षित महसूस करता है, ऐसी जटिल मनोदशा से बाहर निकलने के लिए क्या करना चाहिए, हम सभी को इसे जरूर जानना-समझना चाहिए। इस समस्या से कोई भी हमारा अपना या हम स्वयं भी घिर सकते हैं। देखा जाता है, महिलाएं इस तरह की समस्या से ज्यादा घिरती हैं, क्योंकि वे अधिक भावुक होती हैं, समाज में भी पुरुषों की तुलना में उनके अनुकूल परिस्थितियां कम होती हैं।







## दांपत्य जीवन की उलझनें

आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि बाहरी रंग-रूप और शैक्षणिक योग्यता आदि को लेकर अगर कोई व्यक्ति अपने जीवनसाथी की तुलना में खुद को कमतर महसूस करता है तो उसके मन में हमेशा इस बात की चिंता सताती रहती है कि कहीं मेरा पार्टनर मुझे नापसंद तो नहीं करता? ऐसे में पति या पत्नी दोनों में से किसी एक के मन में यह डर बना रहता है कि कहीं मेरा जीवनसाथी मुझे छोड़ तो नहीं देगा?

**क्या करें :** आप दोनों में से जिसके मन में रिजेक्शन का भय हो, उसे अपने साथी से खुलकर बात करनी चाहिए। दोनों की यह जिम्मेदारी बनती है कि आप अपने पार्टनर के मन में छिपे डर को दूर करने की कोशिश करें, उसकी कमजोरियों को नजरअंदाज करते हुए अच्छी आदतों की प्रशंसा करें और अपनी पॉजिटिव बातों से अपने जीवनसाथी का मनोबल बढ़ाएं।



## पैरेंटिंग से जुड़ी असुरक्षा

अधिकतर पैरेंट्स अपने टीनएजर बच्चों के व्यक्तित्व और व्यवहार के प्रति सशंकित रहते हैं। उन्हें हमेशा इस बात की चिंता सताती है कि पीयर प्रेशर के कारण कहीं हमारे बच्चे गलत आदतों के शिकार ना हो जाएं, फिर कुछ समय के बाद बच्चे जब करियर में सैटल हो जाते हैं, तो पैरेंट्स को यह चिंता सताती है कि हमारे बच्चे अगर जॉब की वजह से दूसरे शहरों में चले जाएंगे, तो बुढ़ापे में हमारी देखभाल कौन करेगा? युवा हो रही संतान के पैरेंट्स के मन में स्वाभाविक रूप से ऐसी बातें आती हैं।

**क्या करें :** ऐसी समस्या से बचने के लिए आप छोटी उम्र से ही अपने बच्चों के साथ नियमित रूप से बातचीत की आदत विकसित करें, उनके लिए अनुशासन के स्पष्ट नियम बनाएं, उनके साथ आपसी विश्वास और प्यार का रिश्ता कायम करें, ताकि वे आपसे अपनी समस्याओं पर खुलकर बातचीत कर सकें। आपके बच्चे आपको इनसिक्योर नहीं फील होने देंगे।

## प्रोफेशनल संबंधों से जुड़ी परेशानियां

कॉन्फिडेंस की कमी के कारण प्रोफेशनल जीवन में कई बार लोगों को रिजेक्शन की प्रॉब्लम झेलनी पड़ती है। इससे उनके मन में हीन भावना पनपने लगती है और ऑफिस में वे दूसरों की तुलना में स्वयं को इनसिक्योर महसूस करते हैं।

**क्या करें :** ऐसी स्थिति में अपनी कमजोरियों के बारे में सोचकर चिंतित होने के बजाय सचेत तरीके से उन्हें दूर करने की कोशिश करें और सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों से निकटता बढ़ाएं।

## दोस्ती में बढ़ती दूरियां

कुछ लोग अपने दोस्तों पर भावनात्मक रूप से बहुत ज्यादा निर्भर होते हैं, वे अपने हर निर्णय उनसे पूछ कर लेते हैं, ऐसे में जब दोस्त उनके साथ नहीं होता तो उन्हें बहुत घबराहट होती है। कई बार दोस्त की नाराजगी के डर से वे उसकी हर बात मान लेते हैं और उससे भी ऐसी ही उम्मीद रखते हैं। ऐसे में जब कभी व्यस्तता की वजह से दोस्त उनके लिए समय नहीं निकाल पाते तो ऐसे लोग यह सोचकर चिंतित हो जाते हैं कि अब हमारी दोस्ती खतरे में पड़ गई है।

**क्या करें :** दोस्तों के प्रति ज्यादा पजेसिव होने की आदत से बचें, उन्हें थोड़ा पर्सनल स्पेस दें, खुद भी नए लोगों की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाएं, खुश रहें और खुशियां बांटें।

**प्रस्तुति : विनीता**

शहद या हनी ऐसा नेचुरल प्रोडक्ट है, जो स्किन केयर में बहुत यूजफुल होता है। हर तरह की स्किन के लिए परफेक्ट हनी को अगर सही तरीके से अप्लाई किया जाए तो कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स को दूर किया जा सकता है। साथ ही इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनती है। आपके लिए कुछ यूजफुल टिप्स।



# ग्लोइंग स्किन के लिए रेग्युलर यूज करें हनी



स्किन केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

शहद हेल्थ के लिए ही नहीं ब्यूटी के लिए भी फायदेमंद होता है। आपका स्किन टाइप कैसा भी हो, शहद की मालिश से उसमें सॉफ्टनेस आती है और इसकी ड्रायनेस कम होती है। शहद का इस्तेमाल मास्क से लेकर नेचुरल मॉयश्चराइजर के रूप में किया जा सकता है। इससे स्किन हाइड्रेट होती है और अट्रैक्टिव दिखती है।

## होते हैं कई उपयोगी गुण

शहद का इस्तेमाल ऑयली ही नहीं नॉर्मल स्किन पर भी किया जा सकता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याओं के लिए शहद काफी फायदेमंद होता है। शहद में आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम, सोडियम, अमीनो एसिड, कई एंजाइम्स, विटामिन बी, सी और मिनरल्स पाए जाते हैं। शहद एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भी है। इसे स्किन पर सही तरीके से रेग्युलर अप्लाई करने से एजिंग साइन की समस्या भी नहीं होती है। अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन सॉफ्ट रहे तो शहद का उपयोग कर सकती हैं। यह स्किन को न्यूट्रिशन देता है। स्किन पर शहद लगाने से उसमें निखार आता है।



## ऐसे करें अप्लाई

- स्किन पर निखार लाने के लिए दो चम्मच शहद में चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर बने फेस पैक को 20 मिनट चेहरे पर लगाने के बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे रंगत में निखार आएगा। इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं।
- कांच के बाउल में समान मात्रा में शहद और नीबू रस मिलाकर इसमें चुटकी भर हल्दी पावडर मिलाकर इस तरह मिश्रण बनाएं कि स्मूथ पेस्ट बन जाए। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालिए। इससे स्किन सॉफ्ट बनती है।
- अगर आप चेहरे पर दाग-धब्बों से परेशान हैं तो शहद काफी मददगार साबित हो सकता है। इसके लिए एलोवेरा जैल, हल्दी पावडर और शहद को मिलाकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाकर इसे प्राकृतिक रूप में सूखने दें और बाद में ताजे, सामान्य पानी से धो डालें।
- एक चुटकी घर में पीसी हुई हल्दी, एक चम्मच शहद और उसमें दो चम्मच कच्चे दूध को मिलाकर चेहरे पर लगा लीजिए और 10 मिनट बाद ताजे पानी से धो डालिए। आप दूध में केसर भी मिला सकती हैं। ध्यान रखें कि हल्दी घर की पीसी ही हो। इसके नियमित सेवन से फेस पर ग्लो आएगा और स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।
- फेस के साथ बॉडी के अन्य स्किन पर ग्लो लाने के लिए दो-तीन चम्मच कच्चा दूध और इतनी ही मात्रा में शहद लेकर इसका मिश्रण बना लें। इस मिश्रण को अपने चेहरे, गर्दन के साथ शरीर के खुले भागों पर लगाएं और अपनी अंगुलियों से सर्कुलर मोशन में मालिश करें। आधे घंटे बाद पानी से धो डालें। आप इसे दिन में दो बार अप्लाई कर सकती हैं।
- अगर आपकी स्किन ड्राय है तो एक चम्मच ताजे दही में आधा चम्मच कच्चा शहद मिलाकर बने मिश्रण को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर 10-15 मिनट तक मालिश करें। इसे थोड़ी देर बाद पानी से धो डालें। आप इसे दो-तीन दिनों तक नियमित रूप से लगा सकती हैं। यह आपकी त्वचा की रंगत में निखार लाने के साथ ही उसको बहुत कोमल भी बनाएगा।
- शहद से बना मास्क, स्किन को कई तरह से लाभ पहुंचाता है। इसके लिए चोकर में शहद और गुलाब जल डालकर मास्क बना लें। इस मास्क को अपने फेस पर अच्छे से लगाकर सूखने तक लगा रहने दें और बाद में ताजे साफ पानी से धो डालें।

**प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स**

# ऐसे रहेंगी आप हमेशा पॉजिटिव

एडवाइस / शिखर चंद जैन

अकसर मोटिवेशनल स्पीकर, साइकोलॉजिस्ट और बिहेवियर एक्सपर्ट हमें पॉजिटिव रहने के लिए और मन को प्रफुल्लित रखने की सलाह देते हैं। इसके लिए हम क्या करें? आइए, जानते हैं कुछ आसान से उपाय।

**सुबह की शुरुआत हो एनर्जी के साथः** जब आप सुबह उठती हैं, जिस सोच के साथ अपनी दिनचर्या शुरू करती हैं, यही सोच आपके पूरे दिन को अच्छा या बुरा बनने में बड़ी भूमिका निभाती है। सुबह हमेशा एक एनर्जी के साथ और शांत मन से जागें। अपने इष्ट देवों का स्मरण करें। प्रार्थना करें। प्राणायाम करें। आज क्या करेंगी, यह तय करें। देर तक बिस्तर पर न रहें। सुबह जल्दी उठ कर अपने तन-मन को जागृत और सक्रिय करें।

**लोगों के कमेंट्स को करें नजरअंदाजः** लोग क्या कहेंगे, क्या सोचेंगे। अमुक व्यक्ति ने मेरे बारे में ऐसा क्यों कहा? जरा सोचिए, इन बातों से आपको क्या फर्क पड़ने वाला है? कुछ भी नहीं। इन कमेंट्स पर अगर आप ध्यान देंगी तो आपका ध्यान अपने मूल लक्ष्य से भटक जाएगा। आप लोगों से कदम-कदम पर उलझेंगी। इससे आपके भीतर नेगेटिविटी भरेगी। मन उदास रहेगा और आपकी प्रोडक्टिविटी प्रभावित होगी। बेहतर होगा कि लोगों के कमेंट्स को हवा में उड़ाना सीखें और अपने काम पर ध्यान दें।



**अपनी सोच का दायरा बढ़ाएंः** आप अपनी सोच को जितना व्यापक करेंगी, नई तकनीक और नई बातों के प्रति जानकारी हासिल करने की प्रवृत्ति रखेंगी, उतना ही आप बेकार और नेगेटिव बातों से दूर रहेंगी, क्योंकि तब आपको फिजूल के लोगों और उनकी बेकार की बातों पर ध्यान देने के लिए वक्त ही नहीं मिलेगा। जब आपकी सोच और ज्ञान का दायरा बढ़ेगा तो आप किसी बात को कई आयामों से सोचने लगेंगी। नतीजतन नेगेटिविटी आपके दिमाग पर हावी नहीं हो सकेगी।

### खुद पर दें ध्यान

**अकसर हम** दूसरों को नियंत्रित करने में या उन चीजों को बदलने में अपनी एनर्जी नष्ट करते हैं, जो हमारे बस में नहीं हैं, इससे हमारा मूड खराब होता है। इसी प्रकार हम दूसरों को उनकी मुसीबत के समय उन्हें तरह-तरह की सलाह और उपदेश देते हैं, लेकिन जब अपने पर बीतती है तो घबरा जाते हैं। उदासी में डूबकर हार मानकर बैठते हैं। कहा भी गया है 'परोपदेशो पांडित्यम'। अच्छा होगा कि हम अपने आस-पास के लोगों की परिस्थितियों पर सवाल उठाने के बजाय उनसे सबक लें। दूसरों को सुधारने में वक्त बर्बाद न करें बल्कि खुद को उन्नत करने के लिए तत्पर रहें।

# ऐसा हो आपका मास्टर बेडरूम

मास्टर बेडरूम या घर का मेन बेडरूम अगर वास्तु के अनुसार व्यवस्थित होगा तो इसका असर उसमें सोने वाले के स्वास्थ्य और घर की समृद्धि पर पड़ता है। कैसा हो आपके बेडरूम का इंटीरियर, यूजफुल सजेशंस।

इंटीरियर / मधु सिंह

मास्टर बेडरूम का मतलब है परिवार के सबसे बड़े सदस्य या मुखिया का बेडरूम। किसी भी परिवार में घर के अर्निंग मेंबर के रहने और सोने का कमरा खास मायने रखता है। उसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य घर में सुख और समृद्धि लाता है। वास्तु के अनुसार घर के मास्टर बेडरूम का इंटीरियर कैसा होना चाहिए, बता रहे हैं आपको।

**दिशाएंः** वास्तुशास्त्र के अनुसार मास्टर बेडरूम ऐसी दिशा में होना चाहिए, जहां पर सूर्य की किरणों का सबसे ज्यादा असर रहता है ताकि वहां रहने वाले व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए अनुकूल माहौल मिल सके। इस बेडरूम को दक्षिण पश्चिम दिशा में इस तरह बनाया जाना चाहिए कि सोते समय उसका सिर दक्षिण दिशा में और पैर उत्तर दिशा में हों, क्योंकि वैज्ञानिक रूप से उत्तर दिशा चुंबकत्व की दिशा है, ताकि यह चुंबकत्व व्यक्ति के शरीर से लगातार संबंध को साधे रहे। मास्टर बेडरूम के पलंग के सिरहाने की ओर ठोस दीवार होनी चाहिए। सिर के पीछे कोई भी खिड़की या दरवाजा नहीं होना चाहिए।

**प्रकाश व्यवस्थाः** मास्टर बेडरूम हो या घर के किसी दूसरे सदस्य का बेडरूम, इस कमरे में हल्का प्रकाश रहना चाहिए। घर के दूसरे कमरों की तुलना में यहां कम रोशनी हो। नाइट लैंप की रोशनी के लिए हल्के नीले, दूधिया, हरे रंग का बल्ब इस्तेमाल करें। कभी भी मास्टर बेडरूम में लाल रंग का बल्ब न लगाएं, क्योंकि वास्तुशास्त्र में माना जाता है कि लाल रंग शरीर में अग्नि तत्व की वृद्धि करता है।





**फर्नीचरः** मास्टर बेडरूम में वास्तु के अनुकूल ही फर्नीचर का चयन करना चाहिए। कमरे में भारी भरकम फर्नीचर नहीं होना चाहिए। बेड और साइड टेबल लकड़ी के होने चाहिए। रॉट आयरन या किसी दूसरी धातु के पलंग दिखने में भले अच्छे लगते हों, लेकिन इनके सिरहाने का डिजाइन ऐसा होता है कि इसका आधार ठोस नहीं होता, जिसके कारण पलंग पर बैठने के दौरान पीठ को कोई आधार नहीं मिलता। इसलिए पलंग लकड़ी का होना चाहिए। बेडरूम में रखे दूसरे फर्नीचर के कोने शार्प नहीं होने चाहिए ताकि कमरे में इनके आस-पास से चलते-फिरते समय किसी को चोट न लग जाए।

**रंगों का चयनः** मास्टर बेडरूम चूंकि परिवार के मुखिया के लिए होता है, जो परिवार की सुख, समृद्धि और पूरे परिवार का आधार होता है। उसके मानसिक शांति और दिली सुकून का होना जरूरी है ताकि घर में अच्छा माहौल रहे। इस बेडरूम में गहरे लाल, गहरे हरे या काले रंगों का इस्तेमाल किसी भी चीज में नहीं करना चाहिए। कमरे में हल्के, आकर्षक रंगों का चयन करें। छत सफेद रंग की होनी चाहिए। गहरे रंग भड़कीले लगते हैं। बेडरूम की सौम्यता के लिए हल्के रंग नींद में बाधा उत्पन्न नहीं करते।

**कम हो सामानः** बेडरूम में काम-काज से संबंधित चीजें, कागजात, ऑफिस की फाइलें जैसी चीजें शोकेस में सजाकर नहीं रखनी चाहिए। इस कमरे में किताबों से भरी अलमारियां, शेल्फ, स्लैब्स, कमरे के माहौल को भारी बनाते हैं। सोने के दौरान बार-बार इन्हीं चीजों पर ध्यान जाने के कारण नींद भी अच्छी तरह से नहीं आती। मास्टर बेडरूम ही नहीं घर के किसी भी बेडरूम में भले ही लोग सुविधा के लिए टीवी लगाकर रखते हैं। देखा जाए तो इससे नींद में बाधा उत्पन्न होती है। इसके अलावा टेलिविजन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैगनेटिक तरंगें भी वहां के पर्यावरण को प्रदूषित करती हैं। इसके अलावा बेडरूम में जलती अंगीठी या हीटर, वाटर बॉडीज नहीं होनी चाहिए। ज्यादा बड़ी खिड़कियां, दरवाजे या बड़े कूलर भी बेडरूम में न रखें।

# वर्चुअल दिल्लगी से रहें सावधान

आज लगभग हर कोई सोशल मीडिया पर एक्टिव है। महिलाएं भी एक्टिव हैं। इंटरनेट के माध्यम से उनके लोगों से रिश्ते बन जाते हैं। इस वर्चुअल रिलेशन में वे छली न जाएं, किसी मुसीबत में न फंसें, इसलिए बहुत जरूरी है, महिलाएं कुछ सावधानियां बरतें।

बी-अलर्ट / नम्रता नदीम

इन दिनों अधिकतर मध्यवर्गीय व्यक्ति दिन के अपने कई घंटे वर्चुअल एक्टिविटीज में गुजारता है, इसलिए वर्चुएलिटी का हमारी वास्तविक जिंदगी का हिस्सा होना स्वाभाविक है। किसी से इश्क या लगाव भी इसी गतिविधि का नतीजा है। लेकिन महिलाओं के लिए साइबर दुनिया अभी पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। इसलिए कुछ बातें जाननी जरूरी हैं।

**खतरों से अनभिज्ञः** यह सही है कि आज के दौर में वर्चुअल लाइफ महिलाओं की रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा भले बन गई हो, लेकिन इसके लिए अकसर उनमें जरूरी समझदारी नहीं होती। इस दुनिया में रिश्तों को लेकर कैसी सावधानी बरतनी है, क्या-क्या खतरे हैं, इससे अधिकांश महिलाएं परिचित नहीं हैं।

**साइबर इश्क की कड़वी हकीकतः** हम आपको एक उदाहरण के जरिए साइबर दुनिया की वास्तविकता से परिचित करना चाहेंगे। मान लीजिए किसी अंजान शख्स से आप ऑनलाइन संपर्क में आती हैं। वह आपको प्रेमपत्र लिखता है। आपकी भी उसमें दिलचस्पी बढ़ती है। लेकिन एक मिनट बाद ही वह लापरवाही से ऑफलाइन होते हुए कहता है, 'जाना होगा, बाद में बात करेंगे।' आपकी प्रतिक्रिया जाने बगैर वह संपर्क तोड़ देता है। अब सारा दिन आप यही सोचती हैं कि वह ऑनलाइन कब आएगा? आप जानती हैं कि यह सब अतार्किक है, लेकिन वह व्यक्ति जो वर्चुअल वर्ल्ड के दूसरे छोर पर बैठा है, उसने आपके दिल-दिमाग में हलचल पैदा कर दी है। और अब वह संपर्क भी नहीं कर रहा। यह साइबर वर्ल्ड के इश्क की कड़वी हकीकत है। इसे समझने की जरूरत है।





**नेगेटिव-पॉजिटिव पहलुओं पर दें ध्यानः** आप जब भी वर्चुअली किसी से जुड़ें तो इसके नेगेटिव और पॉजिटिव दोनों ही पहलुओं पर ध्यान दें। मसलन, जो आप देख रही हैं, क्या वही आपको मिल रहा है? हमेशा नहीं मिलता। यह बात दोनों पर ही लागू होती है। आप पर भी और आपके चैटिंग साथी पर भी। जो कुछ आप ऑनलाइन पोस्ट करती हैं, वह सही या गलत दोनों किस्म के लोगों को आकर्षित कर सकता है। आपकी दिलचस्पियों में भी वैरायटी होनी चाहिए ताकि विभिन्न किस्म की दिलचस्पियों वाले लोग आपकी प्रोफाइल की ओर आकर्षित हों। लेकिन भूलकर भी कभी अपना एड्रेस और फोन नंबर न दें। ई-मेल आईडी ही पर्याप्त है, क्योंकि इससे आपको अपनी मर्जी के अनुसार लॉगआउट करने की आजादी रहती है। अगर आप गलत किस्म के लोगों से बचना चाहती हैं तो यह बात लाजिमी तौर से ध्यान में रखें।

**धीरे-धीरे बढ़ें आगेः** जब भी किसी के साथ ऑनलाइन 'हाय-हैलो' की शुरुआत करें, तो आरंभ में गति धीमी और बातचीत कैजुअल रखें। सीधे और साधारण संदेशों से जो बातें आगे बढ़ती हैं, वह ही सही ढंग से दोस्ती/डेटिंग में डेवलप हो सकती है। इस बात का ध्यान रहे, बातचीत में हल्की-फुल्की फ्लर्टिंग तो ठीक है, लेकिन जो लड़का द्विअर्थी संदेश भेजे, उसे अलविदा कह दें, यानी दूरी बना लें, वरना आगे आप मुसीबत में फंस जाएंगी।

### पारिवारिक फोटो ना करें शेयर

**पर्सनल फोटोग्राफ** व्यक्तिगत संपत्ति होते हैं, इसलिए उन्हें परिवार के लिए ही सीमित रखें। इन फोटोग्राफ का वेब पर इस्तेमाल करना ठीक नहीं है। इसके अलावा आपकी पारिवारिक तस्वीरों में किसी की भी दिलचस्पी नहीं होती। भला कौन आपको जानने से पहले आपके परिवार की तस्वीरें देखना चाहेगा? इसलिए सब कुछ साधारण रखें और सिर्फ अपने अकेले की तस्वीर पोस्ट करें। हमेशा अपने अकाउंट को सिक्योर रखें ताकि कोई भी आपकी तस्वीर के साथ कुछ बदलाव न कर सके।

## खबर संक्षेप


रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व मंत्री व भाजपा के प्रवक्ता कृष्ण मूर्ति हुड्डा।

### कृष्ण मूर्ति हुड्डा सात से चलाएंगे प्रचार अभियान

**रोहतक।** पूर्व मंत्री व भाजपा के प्रवक्ता कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने कहा है कि वह अपने जन जागरण अभियान के तहत 7 अप्रैल रविवार को सुबह 9 बजे लाढ़ौत व भैयापुर में घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात करेंगें और लोक सभा के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डॉ अरविन्द शर्मा के लिए समर्थन मांगेंगे। उन्होंने कहा कि वह पूर्व मुख्य मंत्री व विपक्ष के नेता भूपेन्द्र सिंह हुड्डा व उनके सांसद पुत्र द्वारा किए गए गलत कार्यों को भी जन जन तक पहुंचाएंगे। वे सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



### पुलिस लाइन में हुई साप्ताहिक परेड रोहतक

**रोहतक।** पुलिस लाइन में सोमवार की साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। एसपी हिमांशु गर्ग ने परेड की सलामी ली तथा पुलिस अधिकारियों-जवानों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए है। एएसपी लोगेश कुमार, डीएसपी विरेन्द्र, डीएसपी विवेक कुंडू व अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे है।

### पांच साल बेमिसार कार्यक्रम आयोजित

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में संस्था के पांच वर्ष पूरे होने की खुशी में पांच साल बेमिसाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डा. जय किशोर, सेवानिवृत्त आईपीएस सुमन मंजूरी, मेयर निखिल मदान, पूर्व मंत्री कविता जैन आदि के साथ गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की शुरुआत 2019 में हुई थी और आज इन पांच वर्षो में 1,00,000 से अधिक लोगो को विभिन्न प्रकार के सहयोग कर चुकी है।

# एमडीयू में दो दिवसीय सम्मेलन शुरू, इको सिस्टम विकसित करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

विश्वविद्यालय की वैश्विक पहचान समाजोपयोगी, समस्या निवारण उन्मुख शोध, सामुदायिक तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़ाव, नवाचार तथा उद्यमिता का इको-सिस्टम विकसित करने तथा भविष्योन्मुखी विकासात्मक रोड मैप सृजित करने का आह्वान सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित किए गए फास्टरिंग ग्लोबल कोलाबोरेशन इन हायर एजुकेशन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में वक्ताओं ने व्यक्त किया। इस दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन सेंटर फॉर इंटरनेशनल एकेडमिक एफेयरस के तत्वावधान में किया जा रहा है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित उद्योगपति राजेश जैन ने कहा कि शिक्षा समाज में ज्ञान सृजन का सशक्त माध्यम है। आज जरूरत है कि विद्यार्थी तथा शोधार्थी डिजीटल टेक्नोलॉजी से जुड़े, इनोवेटिव माइंड सेट विकसित करें, एंटरप्रेन्योरशिप का कल्चर सृजित करें तथा टेक्नोलॉजी इनेबल्ड होकर वैश्विक पहचान बनाएं, साथ ही, नवीनतम प्रौद्योगिकी के उभरते रुझानों बारे भी विद्यार्थियों को सचेत होना होगा। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर शोध सहभागिता, ज्ञान साझेदारी तथा क्लैक्टिव, क्रिएटिव एप्रोच समय की जरूरत है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय वैश्विक पहचान बनाने की दृष्टि से कार्य कर रहा है। यह दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन इसी दिशा में पहल है। कुलपति का कहना था कि वैज्ञानिक शोध सहभागिता मानव कल्याण के लिए जरूरी है। वहीं, सामाजिक समस्या निवारण मानसिक सोच विश्वविद्यालयों में विकसित की जाने की जरूरत है। कुलपति ने कहा कि विदेश से आमंत्रित शिक्षाविदें, विशेषज्ञों से एमडीयू के विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा प्राध्यापकों को वैश्विक उच्चतर शिक्षा परिदृश्य की प्रभावी जानकारी प्राप्त होगी। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में एमडीयू एलुमनस, ग्लोबल हरियाणा, यूएसए के अध्यक्ष बालिंदर सिंह ने कहा कि आज के युग में ग्लोबल कनेक्टिविटी बहुत जरूरी है। ऐसे में यह सम्मेलन एमडीयू समुदाय को वैश्विक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। विद्यार्थियों से विशेष रूप से समय प्रबंधन पर ध्यान देने का परामर्श बालिंदर सिंह ने किया। एमडीयू एलुमनस, एस्टन यूनिवर्सिटी यूके के एसोसिएट डिप्टी वाइस चांसलर प्रो. पवन बुधवार ने कहा कि वैश्विक जियो-पॉलिटिक्स में इस समय भारत पूरे विश्व में अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। ऐसे में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय को भविष्य की दीर्घकालिक योजना बनाकर रोजगार योग्य स्नातक/परा स्नातक तैयार करने, शैक्षणिक एवं शोध विशिष्ट पहचान बनाने, सोसायटी वेलफेयर आउटकम्स तैयार करने, विश्वविद्यालय परिसर को क्रिएटीविटी हब बनाने तथा डिजिटल इनोवेशन के लिए कार्य करने का प्रयास करना होगा।

## सीआईएए प्रो. आशीष दहिया ने सम्मेलन के थीम पर प्रकाश डाला

प्रोग्राम के प्रारंभ में डीन, सेंटर फॉर इंटरनेशनल एकेडमिक एफेयरस प्रो. ऋषि चौधरी ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. ऋषि चौधरी ने कहा कि यह सम्मेलन वैश्विक शैक्षणिक सहभागिता के लिए एमडीयू का प्रयास है। एसोसिएट डीन, सीआईएए प्रो. आशीष दहिया ने सम्मेलन के थीम पर प्रकाश डाला। रजिस्ट्रार प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने विश्वविद्यालय के इतिहास, उपलब्धियों, विकास यात्रा की जानकारी सांझा की। डीन, एकेडमिक एफेयरस प्रो. ए.एस. मान ने एमडीयू की प्रमुख शैक्षणिक पहल तथा एनईपी 2020 संबंधित क्रियान्वयन कार्य की जानकारी प्रदान की। मंच संचालन निदेशक, सीआरएसआई प्रो. सोनिया मलिक ने किया। आभार प्रदर्शन सीआइएए के डिप्टी डीन डॉ. सर्वजीत सिंह गिल ने किया।




### आज आखिरी पेपर, मिल्ट्री साइंस, साइकॉलोजी की परीक्षा होगी

# हिस्ट्री और बायोलॉजी की परीक्षा में 47 अनुपस्थित, 4308 ने दी परीक्षा

परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहा पुलिस बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा बोर्ड की बारहवीं कक्षा का हिस्ट्री और बायोलॉजी का पेपर सोमवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान 35 सेंटरों पर 4308 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इसके अलावा 47 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे। उड़नदस्तों ने लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसके चलते हिस्ट्री और बायोलॉजी की परीक्षा में एक भी यूएमसी केस नहीं बना। वहीं सेंटरों के बाहर पुलिस बल ने भी व्यवस्था को बखूबी संभाला। नकल रहित परीक्षा करवाने को लेकर पुलिस लगातार सेंटरों के आसपास भी गश्त करती रही। कई जगह नकल कराने का प्रयास करने वाले युवकों को पकड़ कर पूछताछ की गई।

### 4355 ने देनी थी परीक्षा

बता दें कि परीक्षा में कुल 4355 विद्यार्थी बैठने थे, लेकिन इनमें से 4308 छात्र ही उपस्थित रहे। परीक्षा का समय 12:30 से लेकर 3:30 तक रहा। विद्यार्थी समय से करीब आधा घंटा पहले ही परीक्षा केंद्रों के बाहर पहुंच गए। सभी विद्यार्थियों के आई कार्ड देखने के बाद परीक्षा केंद्र में एंट्री दी गई। इसके बाद परीक्षा कक्ष में भी छात्रों के रोलनंबर गहनता से देखे गए।

### आज आखिरी पेपर

यहां ये भी बता दें कि हरियाणा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू हुई थी। दसवीं की परीक्षाएं पहले ही समाप्त हो चुकी हैं। वहीं अब बारहवीं कक्षा का आखिरी पेपर 2 अप्रैल को होगा। 12वीं कक्षा का मंगलवार को मिल्ट्री साइंस, डांस, साइकोलॉजी, संस्कृत व्याकरण का पेपर है।


रोहतक। परीक्षा केंद्र के बाहर तैनात पुलिस कर्मी।

### पुलिस रही मुस्तैद

परीक्षा सेंटरों के बाहर पुलिस भी मुस्तैद रही। परीक्षा केंद्र के आस पास पुलिस ने किसी को भी एकजुट नहीं होने दिया। वहीं उड़नदस्तों ने भी परीक्षा कक्ष में जाकर व्यवस्था को जांचा। साथ ही विद्यार्थियों के रोलनंबर भी चैक किए। बता दें कि नकल रहित परीक्षा करवाने को लेकर शिक्षा विभाग पूरी सजगता दिखा रहा है। परीक्षा के दौरान हर परीक्षा केंद्र पर दो दो ऑब्जरवर नियुक्त किए गए हैं ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे।

### फोटोस्टेट की दुकानें बंद

परीक्षा के मद्देनजर परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में आने वाली फोटोस्टेट की दुकानों को बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के आस पास स्थित फोटोस्टेट की दुकानों को भी पुलिस ने बंद करवा दिया। इस दौरान पुलिस ने काफी सख्ती बरती, नकल करवाने का प्रयास करवाने वालों को परीक्षा केंद्रों से खदेड़ा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में 5 या उससे अधिक लोगों के एक स्थान पर एकत्रित होने, हथियार जैसे आग्नेशस्त्र, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू व अन्य हथियार लेकर चलने पर पाबंदी है।

### 48 परीक्षा केंद्र

हरियाणा बोर्ड की 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा के मद्देनजर जिले में 48 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें से रोहतक उपमंडल में 32, महम उपमंडल में 9 तथा सांपला उपमंडल में 7 परीक्षा केंद्र हैं।



### एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. सुशीला हुई सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की एसोसियेट प्रोफेसर डॉ. सुशीला धनखड़ समाजशास्त्र विभाग से लगभग 34 साल महाविद्यालय को अपनी सेवाएं देने के बाद सेवानिवृत्त हो गई। सोमवार को महाविद्यालय की ओर से उनके लिये एक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के सभी टीचिंग और नोन टीचिंग सदस्यों ने भाग लिया। प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ने सुशीला धनखड़ को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। एसोसियेट प्रोफेसर सुशीला धनखड़ ने भी अपने महाविद्यालय के अनुभव सबके साथ सांझा किए।

### उत्साह से मनाया वार्षिक महोत्सव

**रोहतक।** पटवापुर गांव स्थित संस्कार वैली पब्लिक स्कूल में वार्षिक महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रामफल चहल आकाशवाणी रोहतक से रिटायर्ड हरियाणवी कलाकार, बंगलौर बुल्स टीम से सुरजीत सिंह नरवाल, अक्षित, गुजरात जायंट्स से राकेश, जयपुर पिंक पैंथर से अंकुश, मिसेज इंडिया 2019 किरण छिल्लर, हरियाणा स्टीलर्स टीम से आशीष आदि मौजूद रहे।। इन्होंने बच्चों की हौंसलाअफजाही की। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थी वर्ग ने प्रोजेक्ट व राम मंदिर, चन्द्रयायन 3 आदि की प्रदर्शनी लगाई। नन्हें-नन्हें बच्चों ने अपनी नृत्यकला का प्रदर्शन किया। हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। कक्षा 6 से 8 की छात्राओं ने पेरेंट्स एक्ट व नृत्य किया, वहीं नौवीं व दसवीं के छात्राओं ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से अवगत करवाया। इसके साथ ही कक्षा 11वीं व 12वीं की छात्राओं ने अपने विद्यालय के अनुभव नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किए। वार्षिक परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सांत्वना पुरूस्कार दिए गए। प्रधानाचार्या मीनाक्षी ने वार्षिक रिपोंट प्रस्तुत की। विद्यालय प्रबंधक सुभाष रूहिल व निदेशिका यशवंती रूहिल ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।



### बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पीएम श्री गर्वमेंट सीनियर सेकेंड्री स्कूल टिटौली में सोमवार को प्रवेश उत्सव व हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक रही। बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। हवन में आहूति डालकर बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की गई। इसके अलावा विद्यार्थियों को नए सत्र की पुस्तकें भी वितरित की गई। इतना ही नहीं पीएम श्री योजना के अंतर्गत आने वाली सभी गतिविधियों से भी अवगत करवा गया। एसएमसी सदस्यों व अभिभावकों ने सौ प्रतिशत एनरोलमेंट अभियान व सर्वे के बारे में चर्चा की। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी रितु पंघाल, प्राचार्या सरोज नारा ,एमडीयू के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रोजश कुंडू सहित अन्य मौजूद रहे।

### स्टैपिंग स्टोन्स स्कूल में हवन से नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ



**रोहतक।** सनसिटी सेक्टर 36 ए स्थित स्टैपिंग स्टोन्स स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के उद्घाटन के अवसर पर हवन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक कैप्टन सूबे सिंह राणा सहित समस्त शिक्षण स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने हवन कुंड में आहुति दी और पवित्र मंत्रों के जाप से पूरे कार्यक्रम स्थल पर आध्यात्मिकता का माहौल बन गया। स्कूल निदेशक ने सभी विद्यार्थियों को नए सत्र में सफलता की नई ऊंचाइयां छूने का आशीर्वाद दिया। सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को प्रसाद भी वितरित किया गया।



### अनुशासन में रहें विद्यार्थी

**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन में प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसका शुभारंभ हवन से किया गया। जिसमें विद्यालय प्राचार्या और विद्यालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। कक्षा छठी और नौवीं के विद्यार्थियों को तिलक किया गया। हवन के बाद बच्चों में प्रसाद वितरित किया गया। अध्यापकों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होने और अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया।

## राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में हुई भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में अर्थशास्त्र एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विषय वित्तीय प्रबंधन, वोकल फॉर लोकल मंत्र के साथ भारत का विकास, अर्थव्यवस्था के विकास में युवाओं की भूमिका, विकास की राह में भारतीय अर्थव्यवस्था की चुनौतियां एवं सत विकास लक्ष्य आदि रहे। प्रतियोगिता में बीए एवं बीकॉम की छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम, ख़ुशी द्वितीय एवं संजना तृतीय स्थान पर रही। काफ़ी, साक्षी एवं चंचल को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। प्राचार्या इंदु सपरा ने कहा कि भाषण प्रतियोगिता विद्यार्थियों में अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास करती है। हर विद्यार्थी को ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुनीता, डॉ. भूमिका व विनोद ने निभाई। कार्यक्रम की संयोजिका अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष अलका रहीं। कार्यक्रम के अंत में वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यप्रकाश किरार ने प्राचार्य, स्टाफ़ सदस्यों एवं सभी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. अनीता अमानी, डॉ. अंजली मान, डॉ. दीपिका, सीमा, डॉक्टर अनुराधा एवं मोनिका उपस्थित रहे।


रोहतक। विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरुस्कार प्रदान करते हुए प्राचार्या इन्दु सपरा।

## भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा ने हलका महम कार्यकर्ताओं के साथ बनाई चुनावी रणनीति

- हलका स्तरीय बैठक में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया अरविंद शर्मा का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महम

रोहतक लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी अरविंद शर्मा ने सोमवार को महम में हलका महम के भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक ली। बैठक में लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति तैयार की गई। बैठक को लोकसभा प्रभारी राजीव जैन के अलावा राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, शमशेर खरकड़ा, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका व राधा अहलावत ने संबोधित किया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इन बैठकों में अब तक हुए कार्यक्रमों की जानकारी चुनाव प्रभारी को दी। चुनावी अभियान को धार देने के लिए खास मुद्दों पर मंथन हुआ। पार्टी द्वारा चलाए गए अभियान और कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के चुनावी लक्ष्यों की रूपरेखा भी बैठक में तैयार की गई। भाजपा नेता शमशेर खरकड़ा ने सभी बूथों को और अधिक मजबूत करने के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए कहा तथा जरूरी दिशा निर्देश भी दिए।

लोकसभा प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 400 पार सीट जीतने का जो लक्ष्य रखा है उसे जनता ने पूरा करने का मन बना लिया है। प्रधानमंत्री ने देश को विकास की गारंटी दी है तो अब जनता ने मोदी को 400 पार की गारंटी दे दी है।


महम। भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा का महम पहुंचने पर स्वागत करते राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, राधा अहलावत व अन्य।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE

BHGYASHREE Bollywood Actors
DR. KAWATRA M. 9215161430
निःसंतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- COMPUTER OPERATOR (F) 4
- COMPUTER OPERATOR (M) 4
- ACCOUNTANT 1
- RECEPTIONIST 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE I HUMANITIES I COMMERCE I APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

खबर संक्षेप



## भाविप ने गोमाता को खिलाया हरा चारा

**रोहतक।** भारत विकास परिषद भगत सिंह शाखा द्वारा वैश्य गोशाला में हरे चारे की सेवा भेंट की गई। परिषद सदस्यों ने स्वयं श्रम दान करते हुए हरा चारा खोर में डाला व गोमाता का आशीर्वाद प्राप्त किया। ये सेवा परिषद परिवार के कोषाध्यक्ष दीपक तायल ने भेंट की। कार्यक्रम संयोजक संदीप गुप्ता ने कहा कि परिषद का ये संकल्प है कि गोशाला में गोमाता को कभी कोई अभाव ना हो। इसके अलावा परिषद का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को गोशाला से जोड़ना व गोसेवा का महत्व समझाना है। जो नित्य गोसेवा में भागेदारी करता है उसे जीवन में किसी बात का अभाव नहीं रहता व वह हमेशा सम्पन्न समृद्ध बना रहता है। उन्होंने गोशाला आकर गोसेवा में कुछ समय व्यतीत करने की अपील की।

### प्राइवेट बस वालों ने रास्ता रोककर किया हमला

# जींद डिपो के रोडवेज बस चालक से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ दिल्ली से लुधियाना जा रही थी बस

जींद डिपो की रोडवेज बस के चालक से प्राइवेट बस चालक द्वारा मारपीट कर दी गई। घटना के समय दिल्ली से लुधियाना जा रही रोडवेज सांपला बस स्टैंड पर पहुंची। तभी सांपला से रोहतक के लिए चली तो प्राइवेट बस चालक ने उसका रास्ता रोक लिया। रास्ता मांगने पर मारपीट की और वर्दी फाड़ दी। मामले की शिकायत पुलिस तक पहुंच गई है।

जानकारी के अनुसार, रोडवेज बस के चालक कुलदीप ने बताया कि उनकी ड्यूटी जींद डिपो में है। उनकी रोडवेज बस दिल्ली से लुधियाना रूट पर चलती है। सोमवार को वह बस को दिल्ली से लेकर लुधियाना के लिए जा रहे थे। इसी दौरान वे सांपला के बस स्टैंड पर पहुंचे। जहां से सवारियां लेकर रोहतक के लिए चले। जब वे बस स्टैंड से निकलने लगे तो एक प्राइवेट बस चालक ने अपनी बस को रास्ते में लगाकर उनका रास्ता रोक दिया।



### बस चालक से रास्ता मांगने पर की मारपीट

कुलदीप ने आरोप लगाया कि उन्होंने प्राइवेट बस चालक को रास्ता देने के लिए कहा तो वह गाली-गलौज करने लगा। उसके साथ अन्य साथियों ने भी उनके साथ मारपीट की। उसकी वर्दी भी फाड़ दी और सरकारी कार्य में बाधा डाली है। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस को दे दी। सांपला पुलिस ने शिकायत मिलने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। यहां बता दें कि इससे पहले भी सवारियों को लेकर प्राइवेट बस चालक और सरकारी बस स्टाफ के बीच में हाथापाई, मारपीट की घटनाएं सामने आती रही हैं।

## पुलिस कर्मी से युवती ने 1.85 लाख 500 रुपये ठगे

**रोहतक।** पुलिस कर्मचारी को ब्लैकमेल करके धोखाधड़ी से करीब 1.85 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पहले आरोपी युवती ने फोन पर बात की और अश्लील वीडियो बनवा ली। इसके बाद उसे डीएसपी बनकर गिरफ्तारी के लिए डराया। वहीं 1 लाख 85 हजार 500 रुपये ठग लिए। न्यायालय में तैनात एक पुलिस कर्मी ने आर्य नगर थाना में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है। कर्मी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास 22 मार्च को एक फोन आया। फोन में सामने से बात करने वाली एक लड़की थी। उसने अपनी बातों में उलझाया। वहीं आरोपी युवती ने कपड़े उतारने के लिए कहा। साथ ही आरोपी लड़की ने वीडियो भी बना ली। इसके बाद 26 मार्च को फिर से एक फोन आया। सामने वाले ने खुद को डीएसपी बताया। फोन करने वाले ने खुद को डीएसपी बताकर कहा कि शिकायत कटी हुई है और गिरफ्तारी होगी। वहीं वीडियो को वायरल करने की धमकी भी दी। उन्होंने यू-ट्यूब के अधिकारियों से बात करने के लिए कहा। उनके द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो उन्होंने रुपयों की मांग की।

# रोहतक की बेटी को मिला मिसेज इंडिया एलिगेंट का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक की एक महिला डॉक्टर को गुरुग्राम में आयोजित प्रतियोगिता में मिसेज इंडिया एलिगेंट 2024 का खिताब मिला है। महिला की इस सफलता पर उनके परिवार और रिश्तेदारों ने बधाई दी है। महिला ने अपनी जीत का श्रेय अपने डॉक्टर पति और परिवार को दिया है। जिन्होंने उनकी कदम कदम पर मदद की है।

जानकारी के मुताबिक, रोहतक की बेटी डॉ विपुल एम्स में डॉक्टर है। उनके पति डॉ वरुण भी डॉक्टर हैं। उनके पास एक बेटा व एक बेटी है। डॉ विपुल ने सामाजिक एवं पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सुन्दर सपनों को साकार करने का प्रयास किया है। डॉ विपुल ने बताया कि उनके पति और परिवार के सदस्यों ने यहां तक पहुंचने में उनकी पूरी मदद की है। जो अपना समर्थन और मार्गदर्शन देकर उनके जीवन की राह को आसान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि यह प्रतियोगिता एक सम्मान ही नहीं है बल्कि




महिलाओं के लिए एक ऐसा मंच है जो महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अहम भूमिका प्रदान कर सकता है। उन्होंने बताया मिसेज इंडिया प्रजेंट्स 2024 के सौजन्य से फरवरी 2024 में भारतवर्ष से विभिन्न राज्यों व स्थानों से असंख्य महिलाओं का साक्षात्कार, ऑडिशन किया गया। इसके बाद केवल 30 महिलाओं को अन्तिम सौन्दर्य प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया गया। जिसमें से उन्हें मिसेज इंडिया एलिगेंट 2024 का खिताब प्राप्त हुआ है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूर करें

■ जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार ने लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं का आह्वान किया है कि वे लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान अवश्य करें। चुनाव में प्रत्येक मत का बहुत महत्व होता है। मतदाता सोच समझकर निडर होकर तथा बिना किसी प्रलोभन के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करें। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। हर मतदाता आगामी आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मिलकर सामूहिक प्रयास करें। सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड ईलेक्टोरल पार्टिसिपेशन (स्वीप) के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित करके मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मताधिकार का प्रयोग करके ही हम देश व प्रदेश के लिए अपनी मनपसंद का जनप्रतिनिधि चुन सकते हैं। इसलिए प्रत्येक मतदाताओं को अपने मताधिकार के महत्व को समझते हुए मतदान अवश्य करना चाहिए।

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने बताया कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लोकसभा आम चुनाव करवाये जा रहे है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार हरियाणा प्रदेश में 25 मई को मतदान होगा। लोकतंत्र में चुनाव एक पर्व की तरह होते हैं। इसलिए प्रत्येक मतदाता इस पर्व में अवश्य भाग लें। विभिन्न विभागों को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है ताकि चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करवाया जा सकें। मतदाता जागरूकता के लिए अधिकारियों को पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। जिला में स्वीप गतिविधियों के तहत शिक्षा विभाग द्वारा इस्माइला गांव स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना, फरमाणा कलस्टर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निंदाना, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुनारिया सहित अन्य विद्यालयों में मतदान के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से स्लोगन राइटिंग तथा मतदाता शपथ दिलवाई गई।

# शिक्षा भारती विद्यालय में नया शैक्षणिक सत्र शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा भारती विद्यालय बहुअकबरपुर में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ भारतीय संस्कृति की परंपरा है। शुभ कार्य करने से पूर्व सभी देवी देवताओं की स्तुति की जाती है। इसी परंपरा को निभाते हुए विद्यालय में कुलदीप शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण कर विधिवत हवन करवाया गया। हवन में कक्षा नर्सरी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थी, आचार्य, प्रधानाचार्या दीपाली सहित सभी ने आहुति दी। यज्ञ संपन्न होने के बाद मां सरस्वती वंदन किया गया। इसके बाद प्रधानाचार्या दीपाली ने सभी को नए सत्र की शुभकामनाएं दी तथा विद्यार्थियों को पूर्ण लगन और मेहनत से लक्ष्य प्राप्ति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कुलदीप शास्त्री ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया गया। सभी को प्रसाद भी वितरित किया गया।

# यूथ फेस्टिवल में एमडीयू टीम तृतीय रही

■ पीएयू लुधियाना में इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी लुधियाना में आयोजित 37वें इंटर यूनिवर्सिटी नेशनल यूथ फेस्टिवल 2024 में ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस उपलब्धि के लिए अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. रणदीप राणा, निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी और इस यूथ फेस्टिवल में भाग लेने वाले एमडीयू के सभी प्रतिभागियों एवं आफिशियल्ज को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने भी इस सफलता के लिए टीम एमडीयू को हार्दिक बधाई दी। प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि नेशनल यूथ फेस्टिवल में एमडीयू की सांस्कृतिक टीम ने थियेटर में ओवरआल दूसरे तथा फाइन आर्ट्स में ओवर ऑल तीसरे नंबर पर रहते हुए ओवरऑल तीसरा स्थान प्राप्त कर एमडीयू को गौरवान्वित किया है। निदेशक युवा कल्याण डॉ. जगबीर राठी ने बताया कि यूथ फेस्टिवल में टीम एमडीयू ने क्लासिकल म्यूजिक में प्रथम, कोलाज मेकिंग में प्रथम, पोस्टर मेकिंग में प्रथम, मिमिक्री में प्रथम, फोटोग्राफी में दूसरा, सांस्कृतिक शोभायात्रा में दूसरा, कार्टूनिंग में दूसरा, वन एक्ट प्ले में दूसरा, स्किट में दूसरा, फॉक आर्केस्ट्रा में दूसरा, क्लासिकल म्यूजिक में तीसरा, फोक डांस में तीसरा, एलोक्यूशन में तीसरा व माइम में तीसरा स्थान प्राप्त किया। राठी ने टीम एमडीयू की फोर्मेशन की। सहायक निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी के निर्देशन में इस सांस्कृतिक दल ने इस यूथ फेस्टिवल में भाग लिया। डॉ. भूपेन्द्र मल्होत्रा व डॉ. माल्विका टीम इंचार्ज रहे। डॉ. संजय जिंदल, डॉ. सौरभ तथा विश्वास समेत प्रतिभागी विद्यार्थी इस सांस्कृतिक दल में शामिल रहे।

डा. जगबीर राठी ने बताया कि सांस्कृतिक गतिविधियों में टीम एमडीयू ने अपनी विशेष छाप इस यूथ फेस्टिवल में छोड़ी। उन्होंने बताया कि विशेष तौर पर फाइन आर्टस में एमडीयू टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया। उन्होंने फाइन आर्ट्स में बेहतर मेंटरिंग के लिए पवन मल्होत्रा का आभार जताया।

## मोखरा के मदर इंडिया स्कूल में प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मानित

**महम।** मोखरा गांव स्थित मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान अपनी कक्षा में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया संस्थान के चेयरमैन रामफल ने समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजबीर सिंह और बिजेंद्र आचार्य ने की। समारोह का शुभारंभ सरस्वती मां की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलित करके किया गया। लगभग 150 से अधिक बच्चों को वार्षिक समारोह में पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य राजवीर सिंह ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और आगामी सत्र की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर कोऑर्डिनेटर ऋषि कुमार, पूनम शर्मा, मोनिका सज्जन व नवीन मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# एससी समाज का उत्थान ही भाजपा का रूप : शर्मा

■ अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में सोमवार को अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति की बैठक भारतीय जनता पार्टी के संगठन महामंत्री फनिंदर नाथ शर्मा ने ली और एससी मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को बताया कि एससी समाज का उत्थान ही बीजेपी का रूप है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा दलित समाज को आगे बढ़ाने का काम किया हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बाबा साहेब की जयंती हर बूथ तक मनाए और कार्यकर्ताओं का उत्साह को देखते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा में 17 सीटें एससी समाज के लिए आरक्षित हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने एससी समाज को पिछली बार 18 सीटों पर अवसर दिया अबकी बार फिर 17 से ज्यादा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी एससी के उम्मीदवार दे सकती है।

राष्ट्रीय महामंत्री एससी मोर्चा संजय ने कहा कि सरकारी योजनाओं का फायदा हर घर तक पहुंचाया जाए और इसके लिए दलित बस्तियों पर विशेष संपर्क अभियान चलाया जाए।

### मैं मोदी का परिवार स्टीकर लगाने का आह्वान

प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा एवं विधायक पटौदी सत्यप्रकाश जरावता ने 6 अप्रैल को भाजपा के कार्यकर्ताओं को हर घर में बीजेपी पार्टी का झंडा और मैं मोदी का परिवार स्टीकर लगाने का आह्वान किया।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को बस्ती संपर्क अभियान, दलित युवा एवं छात्रावास सम्पर्क अभियान, आजीविका मिशन अभियान, सामाजिक संस्था समन्वय, आत्मनिर्भर अभियान, शहरी स्थानीय स्वशासन जनप्रतिनिधि सम्पर्क अभियान, ग्रामीण स्थानीय स्वशासन जनप्रतिनिधि सम्पर्क अभियान, विकसित भारत-विकसित हरियाणा अभियान 2047, मन की बात समन्वय, लाभार्थी सम्पर्क अभियान' इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

बैठक के अंत में डॉक्टर अर्चना गुप्ता प्रदेश महामंत्री ने कहा कि एससी समाज भारतीय जनता पार्टी की रीड की हड्डी है। कार्यक्रम को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामावतार बाल्मिकी, महामंत्री अमरनाथ सौदा और महामंत्री मक्खन सिंह ने भी संबोधित किया।

### ये रहे मौजूद

बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं हरियाणा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रभारी राजेश लाहोरिया, प्रदेश महामंत्री अमरनाथ सौदा, प्रदेश महामंत्री मक्खन सिंह, जिला अध्यक्ष शमशेर कलिंगा, प्रदेश उपाध्यक्ष सूरजमल किलोई व अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है पंचकर्म



**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण आयुर्वेदिक कॉलेज में सोमवार को पंचकर्म चिकित्सा के महत्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि संस्कृत में पंचकर्म का अर्थ है पांच प्रक्रियाएं। यह आयुर्वेद की सबसे महत्वपूर्ण प्रथाओं में से एक है, जो शरीर से सभी विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करती है। आयुर्वेद में इसे हमारे शरीर में वात, पित्त और कफ नामक दोषों को संतुलित करने वाला माना जाता है। जब दोष संतुलन में नहीं होते हैं तो इसका मतलब है कि शरीर में बहुत सारे विषाक्त पदार्थ मौजूद हैं। यहां पंचकर्म शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर दोषों को संतुलित करने की भूमिका निभाता है। कॉलेज के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. संजय अत्री ने कहा कि जैसा कि आयुर्वेद में वर्णित है, वसंत ऋतु में कफ प्रबल और प्रकुपित होता है। आचार्य चक्रपाणि ने अध्याय छह में कहा है कि वसंत ऋतु में केवल वामन ही नहीं, बल्कि पंचकर्म की सभी पांच जैवशुद्धि विधियों का अभ्यास करना चाहिए।

### मदवि में सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

# पहले दिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया

■ फार्मा इंडस्ट्री एक तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र : तनेजा

हरिभूमि न्यूज. रोहतक




महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग सोमवार को स्वराज सदन में चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनोमिक एंड सोशल चेंज के सहयोग से चैलेंजस एंड आपरच्यूनिटीज इन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री पर सात दिवसीय कार्यशाला प्रारंभ हुई। स्टेट ड्रग कंट्रोलर कम लाइंसेंसिंग अथारिटी, एफडीए हरियाणा सरकार मनमोहन तनेजा ने बतौर मुख्यातिथि कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में शिरकत की। उन्होंने कहा कि फार्मा इंडस्ट्री एक तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है, जिसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने इस क्षेत्र की चुनौतियों और उनके पार पाने का समाधान बताते हुए कहा कि इन्नोवेटिव एप्रोच, जीएमपी अनुपालन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इसमें मददगार साबित हो सकती हैं।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों को मोटीवेट किया। उन्होंने फार्मा इंडस्ट्री के साथ परस्पर सहयोग की आवश्यकता एवं जरूरत पर बल देने की बात कही। कुलपति ने इस कार्यशाला के आयोजन के लिए फार्मासुयटिकल साइंसेज विभाग तथा चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने फार्मा इंडस्ट्री की महत्ता को रेखांकित करते हुए विभिन्न इंडस्ट्रीयल मॉडल बारे बताया। डीन एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान ने दवाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण नियामक चुनौतियों की जांच करने की आवश्यकता पर बल देने की बात कही। लार्क लैबोरेट्रीज लि. के एमडी डॉ. अपराजिता कटियार ने बतौर की-नोट स्पीकर संबोधन किया। डॉ. अपराजिता कटियार ने विद्यार्थियों को अपने जीवन की चुनौतियों से मोटीवेट किया और इंडस्ट्री में सफलता के लिए डाटा इंटीग्रेटी तथा लर्निंग एटीट्यूड की महत्ता बारे बताया। चौ. रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट की निदेशिका प्रो. सोनिया मलिक ने उद्घाटन भाषण देते हुए कार्यशाला आयोजन के उद्देश्य बारे प्रकाश डाला। आयोजन सचिव डॉ. पीके वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। डॉ. वंदना गर्ग ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर फार्मासुयटिकल साइंसेज विभाग के प्राध्यापक प्रो. बी. नरसिम्हन, प्रो. मुनीष गर्ग, प्रो. आरके मरवाह, प्रो. विकास बुधवार, प्रो. अंजू धीमान, डॉ. विनित मित्तल, डॉ. अनुराग खटकड़, डॉ. सलोनी, डॉ. महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## अवैध शराब सहित चार युवक किए गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अलग-2 स्थानों से 4 युवकों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। पुरानी सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि लाढ़ौत रोड निवासी युवक एक्टिवा पर अवैध रुप से शराब बेचने का काम कर रहा है। लाढ़ौत रोड नजदीक केडी स्कूल के पास नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग करनी शुरु की। नाकाबंदी के दौरान सुखपुरा चौक की तरफ से आ रहे स्कूटी सवार युवक को शक के आधार पर काबू किया गया।

युवक की पहचान कृष्ण निवासी उत्तम विहार लाढ़ौत रोड के रूप में हुई। तलाशी लेने पर स्कूटी के पायदान से तीन शराब पेटी बरामद हुई जो कुल 8 बोतल शराब, 24 अध्धे व 48 पव्वे शराब बरामद हुए।